षोडश बिहार विधान सभा

पंचदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-02 मंगलवार, दिनांक- 25 फरवरी, 2020 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.20 बजे पूर्वा० तक ।

प्रश्नकाल प्रारंभ होते ही नेता विरोधी दल ने विपक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा दिए गए कार्य स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार करने का आसन से अनुरोध किया ।

आसन द्वारा कहा गया कि कार्य स्थगन प्रस्ताव का नियमावली में समय निर्धारित है और अगर ससमय इसे उठाया जाए तो आसन इसका जरूर संज्ञान लेगा ।

किन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने-अपने स्थान पर जाने का अनुरोध किया गया साथ ही कहा गया कि सरकार हर विषय पर अपनी बात सदन में रखना चाहती है ।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने-अपने स्थान पर जाने का अनुरोध किया गया ।

तत्पश्चात् विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपने-अपने स्थान पर वापस चले गए ।

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज नेता प्रतिपक्ष के साथ अन्य माननीय सदस्यों द्वारा कार्य स्थगन की सूचना प्राप्त हुई है साथ ही दूसरी सूचना श्री महबूब आलम एवं दो अन्य सदस्यों से प्राप्त हुई है । कार्य स्थगन सूचना का विषय सी०ए०ए०, एन०आर०सी० तथा एन०पी०आर० के संबंध में है एवं इस विषय पर जो लोगों की भावनाएँ बन रही हैं उसपर विचार करने के लिए है । सरकार की तरफ से संसदीय कार्य मंत्री ने भी बताया कि मुख्यमंत्री जी ने पिछले सदन में कहा था कि अगर सदन इस विषय पर विचार करना चाहता है तो कर सकता है । जब विपक्ष भी तैयार है और सरकार भी तैयार है तो आसन को इसमें क्या एतराज हो सकता है ।

तदोपरान्त आसन द्वारा इस प्रस्ताव के पक्ष में माननीय सदस्यों से खड़े होने का आग्रह किया गया । चूँकि 25 माननीय सदस्यों से अधिक सदस्य अपने स्थान पर खड़े हुए इसलिए इस स्थगन प्रस्ताव को आसन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई ।

[1] <u>कार्यस्थगन प्रस्ताव पर विशेष वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपना-अपना पक्ष रखा ।</u>

(i) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल द्वारा विचार व्यक्त किए जाने के दौरान पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा सदन में शोर-गुल किया जाने लगा ।

आसन से सभी माननीय सदस्यों को शांति बनाए रखने का अनुरोध किया गया ।

किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही पन्द्रह (15) मिनट के लिए स्थगित हुई ।

<u>**स्थगनोपरांत**</u>

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

11.35 बजे पूर्वा० से 01.05 बजे अप० तक

पुन: श्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपना पक्ष रखा, तदुपरांत

(ii) श्री महबूब आलम

(iii) श्री नंद किशोर यादव, माननीय मंत्री

(iv) श्री राजेश कुमार

(v) श्री सुशील कुमार मोदी, माननीय उप मुख्यमंत्री

(vi) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विशेष वाद-विवाद में बिन्दुवार उत्तर दिया गया ।

[2] <u>आसन की घोषणा</u>

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि देश में ''जाति आधारित जनगणना हो'' विषय पर चलते सत्र में प्रस्ताव आएगा तो सदन उसपर चर्चा करेगी ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

<u>**भोजनावकाश के बाद**</u>

(02.00 बजे अपराह्न से 04.00 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[3] <u>वित्तीय कार्य</u> :-

माननीय उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए आय-व्ययक का उपस्थापन सदन में किया गया तथा बजट भाषण दिया गया ।

[4] <u>आसन का प्रस्ताव</u> :-

आसन से प्रस्ताव किया गया कि ''राज्य में वर्तमान राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर, 2020'' की कार्रवाई इसके प्रस्तावित प्रपत्र में मात्र लिंग संबंधी विवरण क्रमांक-3 में ट्रांसजेंडरों का समावेश करते हुए शेष ''राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर, 2010'' के अंतर्गत कंडिकाओं के आधार पर प्राप्त सूचनाओं के आधार पर ही हो । साथ ही बिहार में राष्ट्रीय नागरिकता पंजी (एन०आर०सी०) की कोई आवश्यकता नहीं है ।

इस प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सदन की सहमति हुई ।

[5] **महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद** :-

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद का प्रस्ताव माननीय सदस्य श्रीमती (डॉ०) रंजू गीता द्वारा किया गया एवं माननीय सदस्य श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा इसका अनुमोदन किया गया तथा अपना-अपना पक्ष रखा गया । आसन द्वारा कहा गया कि श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल द्वारा राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत किए जाने वाले धन्यवाद प्रस्ताव पर प्राप्त संशोधन नियमानुकूल है, जिसे स्वीकार किया जाता है ।

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री मो० नेमतुल्लाह
(इस दौरान माननीय अध्याशी सदस्य श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री आनंद शंकर सिंह

(iii) श्री समीर कुमार महासेठ

(iv) श्री ललन पासवान

आसन से घोषणा की गई कि महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद दिनांक-26.02.2020 को भी जारी रहेगा ।

[6] **निवेदन** :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 06 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-26 फरवरी, 2020 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-25.02.2020

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।